दिन–रविवार दिनांक– 05 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार का शोर आज शाम पांच बजे थम जाएगा। सात मई को राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में मतदान होना है। इस चरण में चौवन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। सुपौल में पन्द्रह, खगड़िया में बारह, झंझारपुर में दस, अररिया में नौ और मधेपुरा में आठ उम्मीदवार हैं। इस चरण में अंठानवे लाख साठ हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन संसदीय क्षेत्रों में पहली बार मतदान करने वालों की संख्या लगभग एक लाख पैंतालीस हजार है। तीसरे चरण के पांच संसदीय क्षेत्रों में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। झंझारपुर में जदयू के निवर्तमान सांसद रामप्रीत मंडल और वीआईपी के सुमन कुमार महासेठ के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। सुपौल संसदीय सीट पर जदयू के निवर्तमान सांसद दिलेश्वर कामैत का मुकाबला राजद के चन्द्रहास चौपाल से होगा। वहीं, मधेपुरा में जदयू के दिनेश चन्द्र यादव के सामने राजद के प्रोफेसर चन्द्र दीप हैं, जबकि खगड़िया में सीपीएम के सजय कुमार के सामने लोजपा, रामविलास के राजेश वर्मा अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं। इधर, अररिया संसदीय क्षेत्र में एनडीए की ओर से भाजपा के निवर्तमान सांसद प्रदीप सिंह और इंडी गठबंधन से राजद के शाहनवाज आलम चुनावी मैदान में हैं।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान कोसी प्रमंडल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। आज शाम से भारत नेपाल सीमा को सील कर दिया जायेगा। मतदान के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए अस्सी प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर पारा मिलिट्री फोर्स के जवानों को तैनात किया जा रहा है। झंझारपुर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज से तीन दिनों तक ऐहतियात के तौर पर भारत–नेपाल रेल सेवा के अंतर्गत रेलगाड़ियों का परिचालन बन्द रहेगा।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे और पाँचवे चरण के लिए प्रचार जोर–शोर से चल रहा है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुंगेर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र के माणिकपुर में जनसभा को सम्बोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के जिन मंत्रियों और नेताओं ने गड़बड़ की है उनके खिलाफ जाँच करवाई जायेगी। उन्होंने अपने सम्बोधन मे राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के खिलाफ जमकर निशाना साधा। जनसभा को भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी सम्बोधित किया। वहीं, महागठबंधन की ओर से राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मधुबनी जिले के काको में जनसभा को सम्बोधित किया। एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने मधुबनी के बासोपट्टी में चुनावी रैली को सम्बोधित किया। श्री पासवान ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में एनडीए इसबार चार सौ से अधिक सीटें जीतेगी। इधर, दोनों गठबंधनों के वरिष्ठ नेता अपने–अपने दलों के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं कर रहे है और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

———————————————————

पटना के बेउर जेल में बन्द पूर्व विधायक अनंत सिंह को पैरोल पर आज पन्द्रह दिनों के लिए रिहा कर दिया गया। श्री सिंह ने न्यायालय से पारिवारिक कारणों से पैरोल का अनुरोध किया था। इधर, जेल से रिहा होने के बाद अनंत सिंह ने मोकामा क्षेत्र मे घुमघुम कर लोगों से मुलाकात की। बताया जाता है कि उन्होंने अपने समर्थकों से मुंगेर संसदीय क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार का समर्थन करने की अपील की।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में कुल बयासी उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाये गए हैं। कुल एक सौ तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच के बाद इन क्षेत्रों से कुल इक्कीस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। सबसे अधिक छब्बीस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र मुजफ्फरपुर में सही पाये गये। वहीं, सारण और सीतामढ़ी से पंद्रह–पंद्रह, हाजीपुर में चौदह और मधुबनी में बारह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र जांच में सही मिले हैं। उम्मीदवार कल अपना नाम वापस ले सकते हैं।

———————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में बेगूसराय, और बक्सर जिले में आज और कल लू का प्रभाव रहेगा। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिमी, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व जिलों मे कल से ग्यारह मई तक बारिश और वज्रपात के आसार हैं। इस दौरान पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतमढ़ी, सारण, वैशाली, सुपौल, अररिया किशनगंज और मधेपुरा सहित आस–पास के जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते राज्य में बारिश की परिस्थितियां बन रही है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।